महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय पी0 जी0 कॉलेज, फिरोजाबाद
रिपोर्ट
एक्टिविटी क्लब
सत्र– 2021–2022

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन हेतु महाविद्यालय में स्थापित एक्टिविटी क्लब की पहली बैठक जून 2021, में, दूसरी बैठक सितम्बर 2021 में हुई जिसमें सत्र 2021–2022 में छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न गतिविधियों के आयोजन पर विचार किया गया। बैठक में शासन के द्वारा निर्गत आदेश के अनुपालन में **'आजादी के अमृत महोत्सव'** का वार्षिक कैलेण्डर भी तैयार गया। क्लब की तीसरी बैठक दिनांक– 19.04.2022 को प्राचार्या जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित गतिविधियों की Report के संकलन का विचार कर सर्वसम्मति से क्लब के प्रत्येक सदस्य को विभागवार Reports के संकलन का दायित्व सौंपा गया था। विभागों द्वारा उपलब्ध कराई गयी Reports के अनुसार आयोजित विभिन्न गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है–

राष्ट्रीय संगोष्ठी–

1. डॉ0 संध्या द्विवेदी के संयोजन में दिनांक 22 नवम्बर 2021 को महाविद्यालय में हिन्दुस्तान एकेडमी प्रयागराज के सौजन्य से आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत **'पदमभूषण पं0 बनारसीदास चतुर्वेदी का साहित्यिक अवदान'** इस विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य पं0 बनारसीदास के सामान्य जीवन आदर्श उनके साहित्यिक एवं सामाजिक अवदानों से छात्राओं को परिचित कराना था, जिससे की छात्राओं के भीतर भी उनके आदर्श विकसित हो सकें।

Scanned with OKEN Scanner

कार्यशाला–

1. शिक्षार्थियों में भाषा का विकास हो सके और वह अपने देश की भाषायी संस्कृति से भली भाँति परिचित हो सकें इसके लिए 15–16 दिसम्बर को **"एक भारत श्रेष्ठ भारत" भाषा–शिक्षण** के सन्दर्भ में **द्विदिवसीय कार्यशाला** का आयोजन महाविद्यालय स्तर पर किया गया जिसमें लगभग 250 बच्चों ने प्रतिभाग किया और भाषा लेखन एवं पठन के कौशल से अवगत हुए।

2. महाविद्यालय में दिनांक 14 दिसम्बर 2021 को **राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केन्द्र (NCFE)** द्वारा **'वित्तीय शिक्षण जागरुकता' (साइबर अपराध)** इस विशेष सन्दर्भ में **एकदिवसीय कार्यशाला** का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से छात्राओं को वित्तीय विषयों में बढ़ते साइबर अपराधों के बारे में जागरुक किया गया।

अन्तर्विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता–

1. डॉ0 अमृता सिंह के निर्देशन में छः प्रतिभागियों की योग टीम ने हाथरस जनपद के S.R.D.A Girls (P.G) College में आयोजित अन्तर्विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया और अपना तृतीय स्थान सुनिश्चित किया।

Scanned with OKEN Scanner

2. टेबिल टेनिस के 4 प्रतिभागियों ने B.D.K. (P.G.) College आगरा में आयोजित अन्तर्विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम–

1. 01 अक्टूबर 2021 को गाँधी जयंती की पूर्व संध्या पर **वर्तमान समय में गाँधी दर्शन की उपादेयता** विषय पर महाविद्यालय में आयोजित संगोष्ठी।
2. 22 अक्टूबर 2021 को स्वतन्त्रता सेनानियों के चारित्रिक अभिनय एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
3. 10 नवम्बर 2021 को आजादी के अम्त महोत्सव पर आधारित पोस्टर, मेंहदी काव्यपाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

Scanned with OKEN Scanner

4. 25 फरवरी 2022 को चौरी–चौरा अवसर पर **'राष्ट्रीय आन्दोलन में क्रान्तिकारियों की भूमिका'** विषय पर निबंध प्रतियोगिता।



5. 30 मार्च 2022 को **'हमारा तिरंगा हमारा अभिमान'** विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता।

<u>अन्य गतिविधियाँ</u>–

1. **राष्ट्रीय सेवा योजना** के दिनांक 26 फरवरी 2022 से 04 मार्च 2022 तक चलने वाले सात दिवसीय शिविर का आयोजन प्राथमिक विद्यालय बैंदी ग्राम में किया गया। जिसमें छात्राओं द्वारा **पुस्तक मेला** लगाकर गाँव के लोगों को शिक्षा का महत्त्व बताया। गाँव वालों के सहायतार्थ **बापू बाजार** का आयोजन कर न्यूनतम मूल्य पर

Scanned with OKEN Scanner

वस्तुओं का विक्रय कर उससे प्राप्त धनराशि का उपयोग गाँव के ही प्राथमिक विद्यालय हेतु दीवार घड़ी और म्यूजिक सिस्टम को प्रदान कर किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से छात्राओं में समाजिक जागरुकता, सामुदायिक सेवा भावना का विकास किया गया।

2. महाविद्यालय स्तर पर रेन्जर्स की छात्राओं ने भाषण और पोस्टर के माध्यम से समसामयिक घटनाओं पर अपने विचार रखें।



3. **सांस्कृतिक समिति** द्वारा भी यथा समय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस प्रकार शैक्षिक सत्र 2021–2022 में छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु महाविद्यालय में संचालित कार्यक्रमों यथा राष्ट्रीय सेवा योजना, रेंजर्स, क्रीड़ा विभाग, आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिससे छात्रों में बौद्धिक, शारीरिक एवं व्यवहार कुशलता का आधान किया जा सके।

24/6/2022
डॉ0 निर्मला यादव
प्राचार्या

24/6/2022
डॉ0 अनिता चौरसिया
को–ऑर्डिनेटर
एक्टिविटी क्लब

Scanned with OKEN Scanner